# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 02 मार्च , 2023

## पृथ्वी की 5वीं परत

एक नए अध्ययन में वैज्ञानिकों ने लगभग **650 किमी. {आंतरिक क्रोड त्रिज्या (संपूर्ण)- 1,221 किमी.} की त्रिज्या** के साथ एक **5वीं नई परत अंतरतम आंतरिक क्रोड (Innermost Inner Core)** के अस्तित्व की पुष्टि की (इन **चार परतों-क्रस्ट, मेंटल, बाह्य तरल क्रोड और आंतरिक ठोस क्रोड के अलावा**) है। यह 5वीं परत **आंतरिक क्रोड (लोहा और निकिल) के समान सामग्री से बनी है** एवं दोनों के बीच मुख्य अंतर यह है कि इसके परमाणुओं की व्यवस्था अलग तरह होने से ठोस संरचना का निर्माण हुआ है। यह परत आंतरिक क्रोड के बाकी हिस्सों की तुलना में एक अलग दिशा में निर्मित और विकसित हो सकती है। **वर्ष 2002 में यह प्रस्तावित किया गया था कि पृथ्वी में 5वीं परत हो सकती है।** पृथ्वी के आंतरिक भाग का अध्ययन करने हेतु वैज्ञानिक भूकंपीय तरंगों पर निर्भर हैं। ये तरंगें विभिन्न पदार्थो से गुज़रने पर अलग तरह से व्यवहार करती हैं **(जैसे- गर्म सामग्री से गुज़रते समय धीमी गति से गुज़रना)**। इस विश्लेषण के अनुसार, **अंतरतम आंतरिक क्रोड** घूर्णन अक्ष (ध्रुव से ध्रुव तक) और **विषुवतीय तल (ध्रुवों के लंबवत) के बीच एक बिंदु पर भूकंपीय तरंगों को धीमा कर देता है। इसके विपरीत आंतरिक क्रोड का बाहरी आवरण केवल भूमध्यरेखीय तल में तरंगों को धीमा करता है।**

//



**और पढ़ें...** अदृश्य मेंटल परतें, भूकंप (इन्फोग्राफिक)

## विंडसर फ्रेमवर्क

**विंडसर फ्रेमवर्क** यूरोपीय संघ और यूनाइटेड किंगडम के बीच व्यापार एवं भावनाओं को प्रभावित करने वाली राजनीतिक जटिलताओं के समाधान का नवीनतम

प्रयास है। यह **उत्तरी आयरलैंड प्रोटोकॉल का स्थान लेगा जो ब्रेक्ज़टि के सबसे कठनि परणिामों में से एक है।** उत्तरी आयरलैंड प्रोटोकॉल के तहत ग्रेट ब्रटिन से उत्तरी आयरलैंड को भेजे जाने वाले सामानों के**भारी भरकम व्यापार/सीमा शुल्क नरीक्षण के साथ उत्तरी आयरलैंड, यूरोपीय संघ के एकल बाज़ार में बना रहा**, जसिसे व्यापार में बाधा उत्पन्न हुई और खाद्य उत्पादों की शेल्फ लाइफ कम हो गई। इसके अलावा**यूरोपीय संघ के नयिमों ने UK सरकार की कुछ नीतयिों को उत्तरी आयरलैंड में लागू करने से रोक दयिा** तथा **एक आयरशि समुद्री सीमा की उपस्थतिि** के कारण वे लोग परेशान हुए जो एक संयुक्त **UK** की मांग करते हैं। वडिसर फ्रेमवर्क उत्तरी आयरलैंड में व्यापार वस्तुओं हेतु**ग्रीन और रेड लेन के उपयोग (परचिय) के माध्यम से ग्रेट ब्रटिन एवं उत्तरी आयरलैंड के बीच मुक्त व्यापार की अनुमत**ि देकर व्यापार व्यवधानों को संबोधति करना चाहता है। ग्रीन लेन के सामानों के मामले में कम जाँच और नयिंत्रण होंगे, जसिमें कोई सीमा शुल्क जाँच या उत्पत्ति के नयिम शामलि नहीं होंगे। फ्रेमवर्क के तहत रेड लेन के सामान यूरोपीय संघ के एकल बाज़ार को संरक्षति करने हेतु पूर्ण जाँच एवं नयिंत्रण के अधीन होंगे।




और पढ़ें... [ब्रेक्सटि और उत्तरी आयरलैंड मुद्दा](#)

## एडिनोवायरस

**पश्चिम बंगाल में हाल ही में एडिनोवायरस संक्रमण के कारण सरकारी अस्पतालों में 12 मौतें हुई हैं।** हालाँकि वर्तमान में वायरल महामारी के कोई साक्ष्य नहीं हैं। एडिनोवायरस **70-90 नैनोमीटर आकार का डबल-स्ट्रैंडेड लीनियर DNA वायरस है**। इसके लक्षणों में **ठंड लगना, बुखार, गले में खराश, ब्रोंकाइटिस, निमोनिया, दस्त और नेत्रश्लेष्मलाशोथ (गुलाबी आँख ) शामिल हैं।**

**और पढ़ें...**[एडिनोवायरस]

## अल नीनो

[विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO)] के अनुसार, **ला नीना के लगातार तीन वर्षों के पश्चात्** आने वाले माह में एल नीनो की घटना घटित हो सकती है। एल नीनो में ला नीना के विपरीत **पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में जल के असामान्य रूप से गर्म होने की विशेषता होती है,** जहाँ **आमतौर पर ला नीना इस क्षेत्र में ठंडे जल को लेकर आता है**। इस घटना के एक साथ घटित होने को **अल नीनो दक्षिणी दोलन (El Niño Southern Oscillation-ENSO)** कहा जाता है। एल नीनो का भारत में ग्रीष्मकाल और कमज़ोर मानसून वर्षा के साथ उच्च संबंध है।

दृष्टि The Vision

# अल नीनो और ला नीना
# El Niño and La Niña

## अल नीनो

### परिचय

- समुद्र की सतह का गर्म होना/समुद्र की सतह का तापमान औसत तापमान से अधिक होना
- पूर्वी पवनें या तो कमजोर हो जाती हैं या विपरीत दिशा में बहने लगती हैं
- पहली बार 1600 के दशक में पेरू के मछुआरों द्वारा देखा गया
- इसे पहली बार 1600 के दशक में पेरू के मछुआरों द्वारा पहचाना गया था
- यह परिघटना ला नीना की तुलना में अधिक घटित होती है




### प्रभाव

- दक्षिण अमेरिका में अत्यधिक वर्षा (तटीय बाढ़ और कटाव)
- इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया में सूखा; वनाग्नि
- दक्षिण और मध्य अमेरिका के पश्चिमी तट के समीप पोषक तत्वों से भरपूर ठंडे जल की अपवेलिंग में कमी आती है
- कमजोर मानसून और यहाँ तक कि भारत तथा दक्षिण पूर्व एशिया में सूखे की स्थिति

## ला नीना

### परिचय

- इसे एल विएजो, एंटी-अल नीनो, या बस "एक शीतकालीन घटना" भी कहा जाता है
- भूमध्य रेखा के निकट सामान्य पूर्वी पवनें और भी मजबूत हो जाती हैं
- अल नीनो, जो आमतौर पर एक वर्ष से अधिक समय तक नहीं रहता है, के विपरीत इसकी अवधि 1-3 वर्ष तक हो सकती है




### प्रभाव

- दक्षिण अफ्रीका में भारी बारिश, ऑस्ट्रेलिया में भयावह बाढ़
- दक्षिण अमेरिका में सामान्य से अधिक सूखे की स्थिति
- अमेरिका के पश्चिमी तट पर अपवेलिंग में वृद्धि होती है, जिससे पोषक तत्त्वों से भरपूर ठंडा जल सतह पर आ जाता है।

## महासागरीय नीनो सूचकांक
## (Oceanic Nino Index-ONI)

- यह पूर्व-मध्य प्रशांत महासागर में सामान्य समुद्री सतह के तापमान में विचलन की माप है।
- यह वह मानक साधन/उपाय है जिसके द्वारा प्रत्येक अल नीनो प्रकरण का निर्धारण, अनुमान और पूर्वानुमान किया जाता है।

**और पढ़ें...[अल नीनो और ला नीना](#)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-02-march-2023